भारत सरकार

पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 2035 जिसका उत्तर

शुक्रवार, 2 अगस्त, 2024/11 श्रावण, 1946 (शक) को दिया जाना है

बेपोर बंदरगाह

† 2035. श्री एम. के. राघवन :

क्या **पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या केरल के बेपोर बंदरगाह पर बुनियादी ढांचे में सुधार करने के लिए कोई कदम उठाए जा रहे हैं, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने बेपोर बंदरगाह के आधुनिकीकरण के लिए कोई योजना बनाई है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने पाया है कि बेपोर और लक्षद्वीप के बीच पर्याप्त शिपिंग सेवाओं की कमी है, यदि हां, तो कनेक्टिविटी में सुधार करने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए/ उठाए जाने वाले कदमों का ब्यौरा क्या है; और

(घ) सरकार द्वारा बेपोर में अधिक शिपिंग सेवाप्रदाताओं को आकर्षित करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं/ उठाए जाने का प्रस्ताव है?

उत्तर

पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री

(श्री सर्बानंद सोणोवाल)

(क) और (ख): महापत्तनों के अलावा अन्य पत्तन (गैर-महापत्तन) संबंधित राज्य सरकारों के प्रशासनिक नियंत्रण के अंतर्गत हैं। बेपोर केरल राज्य में स्थित गैर-महापत्तन है। केरल सरकार द्वारा बेपोर पत्तन में कैपिटल ड्रेजिंग परियोजना हेतु पर्यावरणीय प्रभाव आकलन अध्ययन चलाने के लिए पहलें शुरू की गई हैं। केरल सरकार द्वारा और अधिक यात्रियों तथा कार्गो की हैंडलिंग के लिए बेपोर पत्तन को विकसित करने के लिए कदम उठाए गए हैं। इन कदमों में बड़े आकार के जलयानों की बर्थिंग के लिए कैपिटल ड्रेजिंग, मौजूदा वार्फ की लंबाई को बढ़ाना, गोदाम के निर्माण और कार्गो हैंडलिंग सुविधा के लिए भूमि का अधिग्रहण करना शामिल है। बेपोर पत्तन के लिए सड़क संपर्कता हेतु मैसर्स आईपीआरसीएल द्वारा एक अध्ययन किया गया है तथा केरल समुद्री बोर्ड के माध्यम से केरल सरकार को टीईएफआर प्रस्तुत किया गया है, जिसे केरल सरकार द्वारा अनुमोदित कर दिया गया है।

(ग) और (घ): केरल सरकार द्वारा बेपोर पत्तन से होकर और अधिक कार्गो को मोड़ने के लिए विभिन्न स्तरों पर चर्चा की जा रही है। लक्षद्वीप संघ राज्य क्षेत्र ने व्यक्त किया है कि बेपोर पत्तन में उपलब्ध डुबाव यूटीएल प्रशासन के बारामासी यात्री पोतों के प्रचालन के लिए अपर्याप्त है। संपर्कता को बढ़ाने के लिए, केरल सरकार पत्तन में कैपिटल ड्रेजिंग परियोजना पर कार्य कर रही है। इसके अलावा, केरल सरकार द्वार सूचित किया गया है कि विझिंजम मदर पत्तन के पूरी तरह कार्यशील हो जाने पर बेपोर पत्तन में और अधिक कंटेनर फीडर पोतों के प्रवेश करने की उम्मीद है।

*****